न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन भू. अभिलेख अधिकारी धोरीमना

(पीठासीन अधिकारी श्री लाखाराम आर.ए.एस.)

मु0 न0 ....12/2022

29
18.1.22

—: आदेश :—

दिनांक : 18.01.2022

श्रीमान जिला कलक्टर महोदय बाड़मेर के पत्रांक प.12()(1)राजस्व/2016/7205–40 दिनांक 10.10.2016 के द्वारा प्राप्त निदेशों की अनुपालना में तहसीलदार धोरीमना द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत कर निवेदन किया है, कि राजस्व ग्राम गोदारो की बेरी पटवार मण्डल अरणियाली तहसील धोरीमना की जमाबंदी सवत् 2073–2076 के अनुसार निम्नांकित भूमि सरकारी खातें में दर्ज है लेकिन मौके पर रास्ते के उपयोग में आ रही है जिसे गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करवाने के आदेश प्रदान करावें।

भूमिधारक तहसीलदार धोरीमना द्वारा अनुशंषा किये जाने पर राजस्व (ग्रुप–6) विभाग राजस्थान सरकार के परिपत्र क्रमांक प.3(2)राज–6/2003/पार्ट/04 दिनांक 10.08.2016 के अनुसरण में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131, 132 व 136 तथा राजस्थान भू. राजस्व (भू–अभिलेख) नियम 1957 के नियम 60 (एच) के तहत राजस्व ग्राम गोदारों की बेरी पटवार मण्डल अरणियाली तहसील धोरीमना की निम्नांकित सरकारी खातें भूमि को गैर मुमकिन रास्ता दर्ज करने के आदेश दिये जाते है। सरकारी खातें की भूमि में से चालू स्थाई सार्वजनिक रास्ता सम्बंधित सरकारी खातें में रहेगा। परन्तु नक्शे में जमाबंदी में पृथक से खसरा नम्बर दिया जायेगा व रास्ते के रकबे सहित किस्म गैर मुमकीन रास्ता दर्ज की जायेगी। तहसीलदार धोरीमना तदनुसार राजस्व रिकॉर्ड एवं नक्शा ट्रेस में आदेशानुसार पालना करते हुए पालना रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध करावें। तहसीलदार धोरीमना द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव व नजरी नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा।

क्र.सं.	खातेदार का नाम	खसरा नम्बर	कुल रकबा (हैक्टर)	किस्म	रास्ते हेतु मौके अनुसार प्रस्तावित भूमि			
					रकबा (हैक्टर)	लम्बाई	चौड़ाई	किस्म
1	राजस्थान सरकार	463/1	0.1133	बा.दो.	0.1457	सम्पूर्ण खसरा		गै.मु. रास्ता
		472/5	0.0324	बा.दो.	0.1457			गै.मु. रास्ता
		472/4	0.2023	बा.दो.	0.0486			गै.मु. रास्ता
		468/2	0.2185	बा.दो.	0.1781			गै.मु. रास्ता

(मुहर: उपखण्ड अधिकारी धोरीमना जिला-बाड़मेर)

18/01/22

(लाखाराम)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन भू. अभिलेख अधिकारी,
धोरीमना जिला बाड़मेर

(मुहर: उपखण्ड अधिकारी धोरीमना, बाड़मेर)

Signature Not Verified
Digitally signed by Lakha Ram
Date: 2022.01.25 13:30:17 IST
Reason: SelfAttested

क्रमांक : राजस्व/कोर्ट/2021/30-31 दिनांक 18.01.2022

1. तहसीलदार धोरीमना पालनार्थ।
2. हल्का पटवारी अरणियाली को पालनार्थ।

18/01/22

उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन भू. अभिलेख अधिकारी,
धोरीमना जिला बाड़मेर

(मुहर: उपखण्ड अधिकारी धोरीमना, बाड़मेर)

Scanned with CamScanner